# जनता कालेज को बनाया परीक्षा केंद्र

बकेवर। जनता डिग्री कॉलेज बकेवर को एलएलबी की परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है। कॉलेज में चार महाविद्यालयों के विद्यार्थी परीक्षाएं देंगे।

प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज प्रशासन ने परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों की गेट पर ही सघन चेकिंग की। इसके बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने दिया गया। प्राचार्य ने बताया बीए-एलएलबी और एलएलबी की परीक्षा के लिए अबकी जनता कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसकी परीक्षाएं सोमवार को शुरू हुई। परीक्षा के आरंभ में गेट पर ही शिक्षकों की टीम के द्वारा परीक्षार्थियों की चेकिंग की गई थी। परीक्षा के दौरान भी स्क्वॉड टीम द्वारा कक्षाओं में चेकिंग की गई। (संवाद)

गई। (संवाद)

# प्रवेशपत्र न मिलने से छात्रा की परीक्षा छूटी

बकेवर। जनता डिग्री कॉलेज बकेवर में एलएलबी की परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग की गई। मंगलवार को दोनों पालियों में एलएलबी की परीक्षा में करीब 600 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

छत्रपति शाहूजी महाराज कानपुर विवि ने जनता कॉलेज बकेवर को एलएलबी की परीक्षा का केंद्र बनाया है। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को प्रथम पाली में 440 और दूसरी पाली में 168 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षार्थियों की कॉलेज गेट पर ही डॉ. एमपी यादव, डॉ. एके पांडेय, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. जेपी राजपूत, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, आकाश चौधरी ने सघन चेकिंग की। उधर, छात्रा उजाला कुमारी ने बताया कि वह पृथ्वींपुरा स्थित रामवती राज बहादुर डिग्री कालेज से एलएलबी कर रही है। उसकी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा है। बताया कि आधी फीस तो पहले ही जमा कर दी थी। आधी फीस बकाया थी, जिससे कालेज ने प्रवेशपत्र नहीं दिया। छात्रा ने बताया कि सुबह केंद्र पर समय से पहुंची, लेकिन प्रवेशपत्र न होने से शिक्षकों ने गेट अंदर तो कर लिया था। भाई ने कालेज में बात करके मोबाइल पर प्रवेशपत्र मंगवा लिया था। फोटो कापी निकलवाकर भाई कालेज पर पहुंचा, लेकिन तब तक समय बीत गया। (संवाद)

गरण

# छात्रों ने प्रस्तुत किया व्यावसायिक खेती का माडल



जनता कालेज बकेवर में बनाए गये माडल का प्रदर्शन करती छात्राएं • स्वयं

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज के बीएससी कृषि प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने मिश्रित खेती (इंटीग्रेटिड फार्मिंग) के माडल का प्रस्तुतिकरण किया। माडल में छात्र-छात्राओं ने यह दिखाने का प्रयास किया कि परंपरागत खेती के साथ किस तरह व्यावसायिक खेती को किया जाए, जिससे उत्पादन के साथ किसान की आय को भी बढाया जा सके।

माडल को कोमल, राशी, दुर्गा, पुष्पांजलि व अभिषेक, बृजेश, योगेश राठौर, गौरव कुमार व अभय राज सिंह की टीम द्वारा तैयार किया गया है। इसमें यह समझाने की कोशिश की गई है कि खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के साथ ही गेहूं, धान, दलहन व तिलहन जैसी परंपरागत खेती के साथ ही किसान किस प्रकार एक साथ बागवानी, मछली पालन, पशु पालन एवं छत पर आधारित बागवानी कर सकता है। इसमें जल संरक्षण को भी दिखाया गया कि वर्षा के जल को किस प्रकार से संरक्षित कर उसका सही उपयोग कर सकते हैं। इसमें टपक सिंचाई विधि को भी बताया गया है। प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी, डा. महेश प्रसाद यादव, डा. अशोक कुमार पांडेय व डा. आनंद कुमार सिंह ने छात्राओं से माडल के बारे में जानकारी लेकर उनका उत्साह बढ़ाया।

# जनता कॉलेज में परंपरागत तरीके से मनाया गया वसंत पंचमी का पर्व

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में बसंत पंचमी के पर्व पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर हवन पूजन कर बसंत पंचमी मनायी गयी। कॉलेज परिवार के द्वारा पूजा हवन करने के बाद कन्या भोज कराया गया। जनता डिग्री कॉलेज बकेवर में शनिवार को बसंत पंचा के अवसर पर कालेज परिसर में लगी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्रबंधक अरविंद मिश्रा कॉलेज परिवार के सदस्य पूर्व प्राध्यापक, डॉ. आर सी त्रिपाठी, डॉ. एल पी दुबे, रिटायर्ड प्रवक्ता कृपा शंकर तिवारी, एडम यूनिवर्सिटी के प्रो. वाइस चासालर, डॉ. जितेंद्र पांडेय, इनकम टैक्स विभाग के अधिकारी अजय दुबे जीतू पाण्डेय, चिकित्सिका डॉ. प्रतिभा तिवारी, हरिशंकर शर्मा, के अलावा कालेज परिवार के डॉ डीजे मिश्रा, डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. नवीन अवस्थी के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना की गयी तथा हवन किया गया। इसके उपरांत 101 कन्याओं को भोजन कराया कराया गया। इस मौके पर कॉलेज की शिक्षिका रत्ना शुक्ला, मीनू त्रिपाठी, अर्चना, शिक्षणेत्तर कर्मचारी पवन सक्सेना अरविंद चौधरी, शैलेन्द्र कुमार, कुलदीप अवस्थी, अविनाश तिवारी, विनय शुक्ला, रमेश पाल,, राजकुमार वर्मा, मनोज दीक्षित,पंकज दुबे, सुबोध शुक्ला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे

# स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दीं

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में बुधवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के 57वें स्थापना दिवस पर गांव नगला बनी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में कोविड रैपिड परीक्षण, डायबिटीज, बीपी, टाइफाइड की जांच की गई। 165 महिला, 135 पुरुष व 72 बच्चों का परीक्षण करके निःशुल्क दवाएं बांटीं।

प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. एम पी यादव, डॉ. एके पांडेय, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. अमित दीक्षित, डॉ. अभिषेक कुमार गोयल, डॉ. प्रशांत मिश्रा डॉ. भूपेंद्र सिंह, मोहम्मद उरूज अहमद, विपिन कुमार मौजूद रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव, डॉ. एमपी सिंह एवं समाजसेवी विवेक कुमार ने सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मनोज दीक्षित, सूरज सिंह, सुमित कुमार का सहयोग रहा। (संवाद)

# ग्रीन चैंपियन अवार्ड के लिए सर्वे

## राज्य समन्वयक ने जनता कॉलेज बकेवर में व्यवस्थाएं देखीं

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जिला ग्रीन चैंपियन अवार्ड के चयन के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के उच्च शिक्षा विभाग हैदराबाद के राज्य समन्वयक डॉ. अनिल कुमार दुबे सोमवार को जनता कॉलेज बकेवर का सर्वे करने पहुंचे। उन्होंने जल, जंगल, जमीन, गाय, गंगा, गोबर से जुड़े कार्यों के प्रोत्साहन के तहत कालेज की व्यवस्था का सर्वे किया।

समन्वयक ने बताया कि जल संरक्षण प्रबंधन, हरित ऊर्जा, हरितमा प्रबंधन, अपशिष्ट मैनेजमेंट व भूमि उपयोग प्रबंधन के बिंदुओं पर सर्वे किया जाता है। इसी के तहत जनता कॉलेज बकेवर को इटावा जनपद में सर्वे के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग डिग्री कॉलेजों को जिला ग्रीन चैंपियन अवार्ड देता है।

इसमें प्रदेश के इटावा, कन्नौज, बदायूं, चंदौली, फिरोजाबाद, हमीरपुर, झांसी, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, शाहजहांपुर जिले शामिल हैं। सात जनपदों का सर्वे हो गया है। बकेवर का जनता कालेज आठवां है। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार पांडेय, डॉ संजय विश्वकर्मा ने कॉलेज के उद्यान से संबंधित कार्यों की जानकारी दी।



सर्वे करते राज्य समन्वयक डॉ. अनिल कुमार दुबे साथ में प्राचार्य। संवाद

डेयरी विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार, कृषि विभाग के डॉ. एमपी सिंह ने अपने विभागों से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कलाम संग्रहालय, डेयरी, छात्रावास, पुस्तकालय, कक्षाओं का अवलोकन किया। छात्र व छात्राओं से भी बात की।

इस दौरान डॉ. पीके राजपूत, डॉ. एमपी यादव, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. संजय विश्कर्मा, डॉ. संतोष चंदेल, डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, अजित अग्निहोत्री मौजूद रहे।

# अवार्ड के लिए जनता कालेज का किया सर्वे

संवादसूत्र, बकेवर : ज़िला ग्रीन चैंपियन अवार्ड के लिए चयन को लेकर सोमवार को भारत सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के उच्च शिक्षा विभाग हैदराबाद से राज्य समन्वयक डा. अनिल कुमार दुबे जनता कालेज का सर्वे करने आए। उन्होंने कई घंटे कालेज का भ्रमण किया। राज्य समन्वयक ने बताया कि अवार्ड को लेकर जल संरक्षण व प्रबंधन, हरित ऊर्जा, हरितमा प्रबंधन, अपशिष्ट मैनेजमेंट एवं भूमि उपयोग प्रबंधन बिंदुओं पर ये सर्वे किया जाता है। इसी के तहत जनता कालेज को इटावा जनपद में सर्वे के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के तहत डिग्री कालेजों को यह अवार्ड दिया जाता है। प्रदेश के 12 जनपदों के एक-एक कालेज को अवार्ड दिया जाना है। 12 जनपदों में इटावा, कन्नौज, बदायूं, चंदौली, फिरोज़ाबाद, हमीरपुर, झांसी, मिर्ज़ापुर, मुजफ्फरनगर, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, शाहजहांपुर हैं। सर्वे के समय प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी व अन्य स्टाफ साथ रहा। उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अशोक कुमार पांडेय, डा. संजय विश्वकर्मा ने कालेज के उद्यान से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। डेरी विभागाध्यक्ष डा. आदित्य कुमार, कृषि विभाग के डा. एमपी सिंह ने अपने विभागों से संबंधित कार्यों की जानकारी दी।

# जनता कालेज का अवार्ड के लिए केंद्रीय टीम ने किया सर्वे

बकेवर (एसएनबी)। जिला ग्रीन चैंम्पियन अवार्ड के लिए चयन को लेकर भारत सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के उच्च शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय हैदराबाद से राज्य समन्वयक डॉ. अनिल कुमार दुबे जनता कॉलेज बकेवर में कॉलेज का सर्वे करने सोमवार को पहुंचे। उन्होंने अवार्ड को लेकर जनता कॉलेज बकेवर का कई घण्टे तक भ्रमण कर सर्वे किया।

इस सम्बंध में डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि अवार्ड को लेकर जल संरक्षण व प्रबन्धन, हरित ऊर्जा, हरितमा प्रबंधन, अपशिष्ट मैनेजमेंट, एवं भूमि उपयोग प्रबंधन बिन्दुओं पर ये सर्वे किया जाता है। इसी के तहत जनता कॉलेज बकेवर को इटावा जनपद में सर्वे के लिए चुना गया है। प्रदेश के 12 जनपदों के एक एक कालेज को अवार्ड दिया जाना है। उन 12 जनपदों में इटावा, कन्नौज, बदायूं, चंदौली, फिरोजाबाद, हमीरपुर, झाँसी, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, शाहजहापुर है, जिनमें सात जनपदों का उन्होंने सर्वे कर लिये है इटावा का जनपद के बकेवर का जनता कॉलेज आठवां है।

# कालेज ने तैयार किया जन आरोग्य सुदर्शन काढ़ा

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज के औद्योगिक रसायन विज्ञान विभाग ने हर्बल औषधियों पर सतत औषधीय अनुसंधान के उपरांत जन आरोग्य सुदर्शन काढ़ा तैयार किया है। इसका उद्देश्य छात्रों को हर्बल औषधि की विस्तृत ज़ानकारी और उनके उपयोग द्वारा जन समाज को लाभान्वित करना है।

प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अभिनव अधिष्ठापन हेतु औद्योगिक रसायन विभाग के छात्र-छात्राओं को औषधीय अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राकृत औषधियों के मूल तत्वों के द्वारा ज्ञानवर्धन एवं जागरूकता हेतु यह अभियान संचालित किया गया है। निकट भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमति के उपरांत प्राकृतिक औषधियों द्वारा छात्रों को वृहद रूप से प्रशिक्षित करके विभिन्न पाठ्यक्रमों की दिशा में छात्र-छात्राओं को अग्रसर किया जाएगा।

रसतंत्र सार सिद्ध प्रयोग संग्रह एवं चिकित्सा तत्व प्रदीप आदि आयुर्वेदिक ग्रंथों के अध्ययन एवं सतत औषधीय अनुसंधान के प्रारंभिक दौर में निर्मित जन आरोग्य सुदर्शन काढ़ा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ हृदय, फेफड़े, उदर, सांस विकार एवं नाड़ी तंत्र की क्रियाओं को सुचारू गति देने के क्रम में लाभप्रद है।

# जनता कालेज में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

बकेवर (एसएनबी)। राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर व रोवर्स रेंजर के संयुक्त तत्वावधान में जनता कालेज बकेवर द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को कालेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी तथा नगर पंचायत बकेवर के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में छात्रों के उद्बोधन में मतदाता जन जागरूकता अभियान के तहत लोकतांत्रिक अधिकार के प्रयोग के महत्व को बताया गया। तथा आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 20 फरवरी 2022 को होना है जिसमें आप लोग शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लें। छात्रों ने रैली में स्लोगन द्वारा में मतदान करूंगा, पहले मतदान-फिर कोई काम, मतदान करना जरूरी है यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है, लोकतंत्र का भाग्य विधाता- होता है जागरूक मतदाता, लोकतंत्र का यह आधार वोट न हो कोई बेकार, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, आदि से जागरूक किया। रैली का शुभारंभ कॉलेज के गेट नंबर 2 से शुरू होकर बकेवर कस्बे में जागरूक करते हुए कॉलेज के थाना गेट पर इस रैली का समापन किया गया।

रैली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. एमपी सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव, राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी डॉ. ब्रह्मानंद, डॉ. एम पी यादव ,डॉ. पीके राजपूत, डॉ एके पांडेय, डॉ. डीएन. सिंह, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. डीजे मिश्रा, गजेंद्र सिंह, अजीत अग्निहोत्री, जय वीरसिंह, मनोज दीक्षित तथा स्वयंसेवक सुमित कुमार, सूरज कुमार, संदीप, प्रियदर्शनी, एकता आदि उपस्थित रहे।



इटावा : बकेवर के जनता कालेज में रैली निकालते सेवा योजना के पदाधिकारी। फोटो : एसएनबी

# जनता कालेज का ग्रीन चैंपियन अवार्ड में चयन

संवाद न्यूज एजेंसी

### शिक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी, मई में मिल सकता पुरस्कार

बकेवर। जनता कालेज बकेवर का चयन जिला ग्रीन चैंपियन अवार्ड के लिए किया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के उच्च शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय हैदराबाद से राज्य समन्वयक डॉ. अनिल कुमार दुबे ने कॉलेज का सर्वे कर रिपोर्ट भेजी थी। यह पुरस्कार मई माह में मिल सकता है।

उच्च शिक्षा मंत्रालय डिग्री कॉलेजों को यह अवार्ड देता है। प्रदेश के 12 जनपदों के एक-एक कालेज को अच्छी व्यवस्थाओं के लिए अवार्ड दिया जाना है। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि जिला ग्रीन चैंपियन अवार्ड के लिए कालेज का चयन किए जाने की जानकारी गुरुवार को मेल से दी गई है। जनता कालेज के लिए ये गौरव की बात है।

कालेज को अवार्ड के लिए चुने जाने पर प्रबंधक अरविंद मिश्रा, डॉ. अशोक कुमार [illegible] डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. एमपी यादव, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. इंदुबाला मिश्रा ने खुशी जताई है।

# जनता कालेज को मिला जिला ग्रीन चैंपियन अवार्ड

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज को जिला ग्रीन चैंपियन अवार्ड मिला है। कालेज को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ये पुरस्कार दिया जाएगा। सोमवार को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के उच्च शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय हैदराबाद से राज्य समन्वयक डा. अनिल कुमार दुबे ने आकर कालेज का सर्वे कर रिपोर्ट भेजी थी।

उन्होंने अवार्ड को लेकर जनता कालेज का कई घंटे तक भ्रमण कर सर्वे किया था। अवार्ड को लेकर कालेज में जल संरक्षण व प्रबंधन, हरित ऊर्जा, हरितमा प्रबंधन, अपशिष्ट मैनेजमेंट एवं भूमि उपयोग प्रबंधन बिंदुओं पर ये सर्वे किया गया था। इसी के तहत जनता कालेज को जनपद में अवार्ड के लिए चुना गया है। ये पुरस्कार मई माह में प्रदान किया जा सकता है।

भारत सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा के तहत डिग्री कालेजों को ये अवार्ड दिया जाता है। प्रदेश के 12 जनपदों के एक-एक कालेज को अवार्ड दिया जाना है। उन 12 जनपदों में इटावा, कन्नौज, बदायूं, चंदौली, फिरोजाबाद, हमीरपुर, झांसी, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, संतकबीर नगर, सिद्धार्थनगर, शाहजहांपुर है। जनपद से जनता कालेज बकेवर का चयन पुरस्कार के लिए किया गया है। नेशनलए कांउसिल आफ रूरल इंस्टीट्यूट के सूत्र जल जंगल जंमीन, और गाय गंगा गोबर से जुड़े कार्यों के प्रोत्साहन के तहत कालेज की व्यवस्थाओं का सर्वे किया गया था। कालेज प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि कालेज को यह पुरस्कार मिलने के संबंध में मेल प्राप्त होने पर जानकारी हुई है। कालेज के लिए ये गौरव की बात है। पुरस्कार प्राप्त करने के लिए प्रबंध समिति व सभी प्राध्यापकों के साथ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व चतुर्थश्रेणी कर्मचारियों छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा है।

कालेज को जनपद ग्रीन अवार्ड के लिए चुने जाने पर प्रबंधक अरविंद मिश्रा, डा. अशोक कुमार पांडेय, डा. संजय विश्कर्मा, डा. पीके राजपूत, डा. एमपी यादव, डा. ज्योति भदौरिया, डा. डीएन सिंह, डा. संतोष चंदेल, डा. धर्मेंद्र कुमार, अजित अग्निहोत्री, कुलदीप अवस्थी, अरविंद चौधरी, शैलेन्द्र कुमार ने प्रसन्नता जतायी है।

यह और अन्य खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# पॉली व ग्रीन हाउस बनाने का तरीका समझाया

## कृषि फार्म में छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज के कृषि फार्म में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने भ्रमण किया। उन्हें पॉली हाउस, ग्रीन हाउस बनाने और उसके प्रयोग के तरीके बताये गए। हाइब्रिड प्रजाति के बीजों की नर्सरी तैयार करने की जानकारी भी दी गई।

एक सीड कंपनी के डायरेक्टर डॉ. बीके त्रिपाठी ने पॉली हाउस और ग्रीन हाउस के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि ग्रीन हाउस और पॉली हाउस में जो पौधे तैयार होते हैं, उनमें कीट और बीमारियां लगने की संभावना बहुत कम होती है। सब्जी व फूल की नर्सरी कैसे तैयार की जाए। इसके अलावा बाहरी तापमान से अंदर का तापमान कम होता है। हाइब्रिड टमाटर का एक किलो बीज बीस हजार से लेकर दो लाख रुपये किलो तक बिकता है। हाइब्रिड बीज बोने से ग्रीन हाउस में नर्सरी अच्छी होती है। पौधे भी कम नष्ट होते हैं। उन्होंने सरसों की तेजस, कोमल हाइब्रिड की प्रजाति और फ्री रिसर्च के बारे में बताया। दोनों ही प्रजातियां कर्नाटक प्रांत की हैं। इस मौके पर जनता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. अशोक कुमार पांडेय, डॉ. एमपी यादव, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. संजय विश्वकर्मा, डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. संजीव भी मौजूद रहे।



जनता कॉलेज के कृषि फार्म में छात्रों को भ्रमण कराते प्राचार्य संवाद



नेट हाउस का निरीक्षण करते उप निदेशक उद्यान कानपुर। संवाद

300-121-1166

# छात्र-छात्राओं ने जाना ग्रीन हाउस बनाने का तरीका

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज में छात्र-छात्राओं को उद्यान विभाग में पाली हाउस ग्रीन हाउस बनाने उसके प्रयोग का तरीका बताया गया। हाइब्रिड प्रजाति के बीजों की नर्सरी तैयार करने के संबंध में जानकारी दी गई।

प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कालेज में परास्नातक कृषि व उद्यान विभाग के छात्र-छात्राओं को वलसाड सीड कंपनी के अधिकारी डायरेक्टर डा. बीके त्रिपाठी द्वारा पाली हाउस व ग्रीन हाउस के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि ग्रीन हाउस पाली हाउस बनाकर किस तरह नर्सरी तैयार की जाए, नेट हाउस की अपेक्षा जो खुले फील्ड में पौधों होते हैं उनमें कीड़े व रोग बहुत लगते हैं परंतु ग्रीन हाउस और पालीहाउस में जो पौधे तैयार होते हैं उनमें की कीट व बीमारियां लगने की बहुत कम संभावना होती है।



पाली हाउस तैयार करते जनता कालेज बकेवर के छात्र-छात्राएं ● जागरण

वलसाड सीट कंपनी के डायरेक्टर डा. वीके त्रिपाठी ने बताया कि जब बाहर का अधिक तापमान होता है तो पालीहाउस और ग्रीन हाउस में तापमान बाहरी तापमान से तकरीबन 5 से 6 डिग्री का कम होता है जो हमारे हाइब्रिड बीज व पौधें को जीवित रखने और उन्हें अच्छी ग्रोथ देने में बहुत ही मददगार होता है। हाइब्रिड टमाटर का एक किलो बीज बीस हजार से लेकर दो लाख रुपये किलो तक बिकता है। ग्रीन हाउस में बोये जाने वाले बीज की शत प्रतिशत उगने की संभावना रहती है। जबकि बाहरी वातावरण में 70 से 80 प्रतिशत ही उगते हैं। जनता कालेज के उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अशोक कुमार पांडेय, डा. एमपी यादव, कीट विज्ञान प्रभारी डीएन सिंह, कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डा. एमपी सिंह, डा. पीके राजपूत, डा. धर्मेंद्र, डा. संजय विश्वकर्मा, डा. अभिषेक प्रताप सिंह, डा. आनंद सिंह, डा. संजीव ने छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं को शांत किया।

# खेतीबाड़ी में रसायनों का अंधाधुंध प्रयोग नुकसानदेह

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नगला बनी में आयोजित विशेष शिविर में रविवार को स्वच्छता एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली निकाली गई । स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्लोगनों जैसे ऽ हम ने यह ठाना है, स्वच्छता लाना है, सब रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ सफाई नारों से लिखी पट्टिकाओं से जन जागरूकता फैलाई। (संवाद)

# विवि के छात्र देख सकेंगे अपनी कॉपियां

## नंबर कम होने पर मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों से दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

### कुलपति के निर्देश पर लागू की गई नई व्यवस्था

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। अब छत्रपति शाहू जी महाराज विवि के छात्रों को परीक्षा की कॉपियां दिखाई जाएंगी। अगर छात्र को लगता है कि फलां सवाल में उसे कम नंबर मिले हैं तो मूल्यांकन करने वाले शिक्षक से छात्र की बात कराई जाएगी। अगर छात्र की आपत्ति सही होगी तो नंबरों में भी बदलाव किया जाएगा।

कई बार छात्रों की शिकायत होती है कि उन्हें परीक्षाओं में कम नंबर मिले हैं। हाल ही में एमबीबीएस के छात्रों ने गलत मूल्यांकन का आरोप लगाकर विवि में जमकर हंगामा काटा था। इन सब पर अंकुश लगाने के लिए विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के निर्देश पर नई व्यवस्था लागू की गई है। प्रो. पाठक ने कहा कि परीक्षा में छात्र क्या लिखकर आते हैं और उन्हें किस आधार पर नंबर मिले हैं, यह जानना उनके लिए बहुत जरूरी है। नंबरों से असंतुष्ट छात्रों की कापियों को वह भी देखेंगे और उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा।

### शिक्षकों का रिपोर्ट कार्ड देंगे छात्र

विवि के छात्र अब शिक्षकों का रिपोर्ट कार्ड देंगे। मसलन उन्हें कितना पढ़ाया गया है, शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार कोर्स पूरा है या नहीं, इसकी रिपोर्ट छात्र विवि प्रशासन को देंगे। प्रो. पाठक ने कहा कि विवि में लगातार छात्रों की संख्या कम हो रही है। शिक्षा का स्तर भी बढ़ाने की आवश्यकता है। इसलिए यह व्यवस्था लागू की गई है।

### 19 को होने वाली बीए, बीएससी की परीक्षा 29 को

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में 19 मार्च को होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि बीए प्रथम सेमेस्टर व बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 29 मार्च को होगी। बीकॉम (ऑनर्स) पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 27 मार्च को होगी। बीएससी एग्री के तीसरे व सातवें सेमेस्टर की परीक्षा छह अप्रैल को पूर्व निर्धारित समय पर होगी। (ब्यूरो)

# हमीरपुर विधायक ने किया था बकेवर से स्नातक

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर के पूर्व छात्र मनोज प्रजापति हमीरपुर सदर सीट से भाजपा विधायक चुने गए हैं। डॉ. मनोज वर्तमान में अजीतमल जनता महाविद्यालय में कृषि विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर भी हैं।

यह हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर ब्लॉक के पौथिया गांव निवासी हैं। उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ए के पांडेय ने बताया कि विधायक बने डॉ. मनोज प्रजापति ने वर्ष 2000 में जनता कॉलेज बकेवर से बीएससी कृषि से स्नातक किया था। उसके बाद एमएससी पीएचडी सीएसए कानपुर से किया। डॉ. मनोज के पिता शिवचरण प्रजापति हमीरपुर सदर से चार बार विधायक रह चुके हैं। वह चुनाव से कुछ समय पूर्व ही सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।



डॉ. मनोज प्रजापति।

# वार्षिक परीक्षाओं में सब्जेक्टिव और बहुविकल्पीय दोनों पेपर होंगे

अमर उजाला ब्यूरो



**विवि : 31 मार्च तक छात्रों को शुल्क जमा कर भरना होगा परीक्षा फार्म**

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष और परास्नातक अंतिम वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार कुछ पेपर सब्जेक्टिव और कुछ ऑब्जेक्टिव होंगे।

विवि में इस बार से नई शिक्षा नीति लागू की गई है। हालांकि पहले से चल रही द्वितीय और तृतीय वर्ष की कक्षाओं में परीक्षाएं वार्षिक प्रणाली के आधार पर ही होनी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने 31 मार्च तक छात्रों से सम्बन्धित शुल्क जमा करने और परीक्षा फार्म भरने का निर्देश दिया है।

इसके बाद परीक्षा शेड्यूल भी जारी कर दिया जाएगा। इस बार बीएससी द्वितीय वर्ष में वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान में प्रथम व द्वितीय पेपर सब्जेक्टिव और तृतीय पेपर ऑब्जेक्टिव रहेगा। जंतु विज्ञान, भौतिक विज्ञान में प्रथम व तृतीय पेपर सब्जेक्टिव और द्वितीय पेपर ऑब्जेक्टिव, गणित में प्रथम पेपर ऑब्जेक्टिव व अन्य दो पेपर सब्जेक्टिव होंगे।

बीएससी तृतीय वर्ष के वनस्पति विज्ञान में प्रथम व द्वितीय पेपर सब्जेक्टिव और तृतीय पेपर ऑब्जेक्टिव, रसायन विज्ञान में प्रथम पेपर ऑब्जेक्टिव और द्वितीय व तृतीय पेपर सब्जेक्टिव, गणित में पहला व तीसरा पेपर ऑब्जेक्टिव और दूसरा पेपर सब्जेक्टिव, भौतिक विज्ञान, जंतु विज्ञान में पहला व तीसरा पेपर सब्जेक्टिव व दूसरा पेपर ऑब्जेक्टिव होगा।

बीए व बीकॉम के हर विषय में कम से कम एक पेपर ऑब्जेक्टिव और अधिक से अधिक दो पेपर ऑब्जेक्टिव पेपर होंगे।

# राधामोहन, शिवानी और शुभि चैंपियन

## जनता कालेज बकेवर में वार्षिक क्रीड़ा समारोह, प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में राधा मोहन, शिवानी और शुभि चैंपियन रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र और छात्राओं ने दमखम दिखाया।

समारोह में प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि खेलकूद शिक्षा का एक आवश्यक अंग है। खेलकूद से छात्र जीवन में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और जागरूकता उत्पन्न होती है। पूर्व चैंपियन छात्र राधामोहन एवं शिवानी ने मसाल सेरेमनी के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



राधा मोहन को चैंपियनशिप प्रदान करते प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर। संवाद

गोला फेंक छात्रा वर्ग में शिवानी प्रथम, निशा द्वितीय, काजल तृतीय रहीं। दो सौ मीटर छात्रा दौड़ में नीतू प्रथम, शुभी भदौरिया द्वितीय, निशा तृतीय रहीं।

छात्रों की सौ मीटर दौड़ में मयंक त्रिपाठी प्रथम, आशीष भदौरिया दूसरे, राधामोहन तृतीय रहे। छात्रों की दो सौ मीटर दौड़ में मयंक त्रिपाठी प्रथम, आशीष भदौरिया दूसरे, पीयूष गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद में राधा मोहन यादव प्रथम, धीरज सिंह द्वितीय, ऋषभ मिश्रा तृतीय रहे। चक्का फेंक में गायत्री व पूनम संयुक्त रूप से प्रथम, शुभी द्वितीय व निशा तृतीय रहीं। गोला फेंक में शुभी भदौरिया प्रथम, स्वाति पाल द्वितीय व शिवानी तृतीय रहीं।

भाला फेंक नीतू प्रथम, गायत्री द्वितीय व शिवानी तृतीय स्थान पर रही। त्रिकूद में राधा मोहन प्रथम, ऋषभ मिश्रा द्वितीय एवं मुकेश तृतीय स्थान पर रहे। छात्रा लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी, द्वितीय मुस्कान तथा तृतीय अनन्या एवं नीतू रहीं। शिक्षिका सौ मीटर दौड़ में रत्ना शुक्ला प्रथम, डॉ शैली यादव द्वितीय, इरम सलीम तृतीय रहीं।

शिक्षक बॉल थ्रो में उद्यान विभाग के डॉ आनंद सिंह प्रथम, गणित विभाग के सत्यार्थ मौर्या द्वितीय, कॉमर्स के प्रभारी डॉ योगेश शुक्ला तृतीय रहे। सौ मीटर कर्मचारी दौड़ में अनुज कुमार प्रथम ,संदीप कुमार द्वितीय और अनुपम शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। प्रबंधकारिणी के सेक्रेटरी अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. अशोक कुमार पांडेय, डॉ. ज्योति भदौरिया ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।




जनता कालेज बकेवर में छात्रा को टैबलेट देती सदर विधायक सरिता भदौरिया व विधायक मनोज प्रजापति • जागरण

# जनता कालेज में 419 विद्यार्थियों को मिले टेबलेट व स्मार्टफोन

**संवादसूत्र, बकेवर :** जनता कालेज में उत्तर प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण टेबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कुल 419 छात्र-छात्राओं को टेबलेट तथा स्मार्टफोन वितरित किए गए। सदर विधायक सरिता भदौरिया एवं हमीरपुर विधायक जनता कालेज के पूर्व छात्र डा. मनोज कुमार प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम किया गया। विधायकों ने सरकार की इस योजना का अपने अध्ययन में प्रयोग करने की सलाह दी। स्वयं को न्यूनतम संसाधनों में भी उत्तरोत्तर प्रगति कर स्थापित करने की बात कही।

प्रबंधकारिणी सचिव अरविंद कुमार मिश्र ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या का वाचन किया। अध्यक्षता प्रबंधकारिणी उपाध्यक्ष राम मोहन त्रिपाठी ने की। प्रबंध समिति सदस्य रामपाल सिंह राठौर ने कालेज के मूल्यों और अनुशासन पर विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने आगंतुकों का स्वागत किया। संचालन कृषि संकाय के डीन डा. अशोक कुमार पांडेय ने किया। मुख्य रूप से कालेज परिवार के समस्त प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित एमएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा माधवी, आकांक्षा शर्मा, मल्लिका दुबे ,मानसी गुप्ता, प्रियांशु सक्सेना बीएससी तृतीय वर्ष के स्पर्श शुक्ला, एकता शर्मा, शिवानी पाठक आदि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

# 419 छात्रों को दिए गए स्मार्टफोन

बकेवर, संवाददाता। जनता कालेज में टेबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण योजना के अंतर्गत 419 छात्र छात्राओं को टेबलेट तथा स्मार्टफोन वितरित किए गए। सदर विधायक सरिता भदौरिया व हमीरपुर विधायक तथा जनता कॉलेज के पूर्व छात्र डा मनोज कुमार प्रजापति ने टेबलेट व स्मार्टफोन छात्रों को दिए।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने गुणवत्तापरक शिक्षा तथा टेबलेट के भविष्य में उचित शैक्षणिक उपयोग करने की बात कही। उन्होने कहा कि सरकार की इस योजना का अपने अध्ययन में सहयोग लें। डा मनोज कुमार प्रजापति ने स्वयं को न्यूनतम संसाधनों में भी उत्तरोत्तर प्रगति कर स्थापित करने की बात करते हुए अपने




टैबलेट वितरित करते सदर विधायक सरिता भदौरिया व हमीरपुर के विधायक डा मनोज प्रजापति।

विद्यार्थी जीवन के जनता कॉलेज बकेवर के संस्मरण सुनाए। प्रबंधकारिणी सचिव अरविंद कुमार मिश्र ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या पढ़ी। अध्यक्षता प्रबंध कारिणी उपाध्यक्ष राम मोहन त्रिपाठी ने की। प्रबंध समिति सदस्य रामपाल सिंह राठौर ने कॉलेज के मूल्यों और अनुशासन की चर्चा की। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी रहे।

# जनता कॉलेज को डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैंपियन अवार्ड



ग्रीन चैंपियन अवार्ड ग्रहण करते प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर को डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। फरवरी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद की टीम ने महाविद्यालय आकर जल प्रबंधन, हरित प्रबंधन, कचरा निस्तारण, ऊर्जा संरक्षण तथा साफ-सफाई जैसे बिंदुओं के आधार पर सर्वे किया था।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के प्रदेश समन्वयक डॉ. अनिल कुमार दुबे, डॉ. जे सांई सुधीर कुमार, चेयरमैन डॉ. डब्लू जी प्रसन्ना कुमार ने प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी को पुरस्कार प्रदान किया। डॉ. एके पांडेय, डॉ. एमपी यादव, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. पीके राजपूत, डॉ. डीएन सिंह, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ. ज्योति भदौरिया ने सहभागिता की।

गोष्ठी

हिंदू साम्राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में वक्ताओं ने किया आह्वान

# नई पीढ़ी को बताएं देश का गौरवमयी इतिहास

संवाद न्यूज एजेंसी

इटावा। छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरगाथा से गौरवान्वित हिंदू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने एसडी इंटर कॉलेज सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें भारत के गरिमामयी इतिहास से नई पीढ़ी को परिचित कराने का आह्वान किया गया।



संबोधित करते प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी। संवाद

विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख एवं जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने कहा कि हिंदू साम्राज्य की स्थापना के लिए आज ही के दिन छत्रपति शिवाजी का राज्याभिषेक किया गया था। जिसके उपलक्ष्य में ही हम लोग स्थापना दिवस मना रहे हैं। नई पीढ़ी को ऐसे राष्ट्रवीरों के गौरवमयी इतिहास से परिचित कराने की जरूरत है।



गोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्धजन। संवाद

पंचायत राज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्यामलालजी ने भी मुगल आक्रांताओं की कट्टरता और उनसे लोहा लेने वाले वीरों से जुड़ी घटनाओं पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।

मंच पर नगर संघ चालक दीपक अग्रवाल, नगर कार्यवाह सर्वजीत भदौरिया, कमलाकांत शर्मा, घनश्याम वाजपेई, शिवकुमार शुक्ला डीजीसी, विमल तिवारी एडवोकेट, गजेंद्र मिश्रा, एडीजीसी सत्येंद्र चौहान, विधायक प्रतिनिधि हरीनारायण वाजपेई, अनंत अग्रवाल, अरविंद दीक्षित, सभासद शरद वाजपेई, राजेंद्र सिंह, प्रदीप अग्रवाल, श्रीराम बप्पा और मनोज गुप्ता मौजूद रहे।

अमर उजाला
Alert

■ 37 पद

सब-इंस्पेक्टर के पदों पर रिक्तियां

# जनता कॉलेज में 25 तक प्रवेश

## सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में देरी के चलते प्राचार्य ने बढ़ाई तारीख

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। सीबीएसई का 12वीं का रिजल्ट न आने के कारण जनता कॉलेज बकेवर में स्नातक में प्रवेश की तारीख बढ़ा दी गई है। ये फैसला शनिवार को परीक्षा समिति और प्राध्यापकों के साथ बैठक कर प्राचार्य राजेश किशोर त्रिपाठी ने लिया।

प्राचार्य ने बताया कि सीबीएसई का रिजल्ट नहीं आया है। इस कारण कॉलेज में कृषि स्नातक में प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई कर दी गई है।

उसके बाद मेरिट जारी कर प्रवेश आरंभ किए जाएंगे। स्नातक स्तर पर साइंस में 18 जुलाई से पहले आओ पहले पाओ की स्थिति से प्रवेश दिए जाएंगे।

साइंस स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए 18 जुलाई से संबंधित मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश ले सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि एमएससी कृषि में मेरिट सूची 27 जुलाई को जारी की जाएगी। 29, 30 जुलाई को प्रवेश होंगे। पीजीडीसीए में 18 जुलाई से सीधे प्रवेश दिए जाएंगे।



परीक्षा समिति की बैठक करते प्राचार्य डा राजेश किशोर त्रिपाठी। संवाद

### जिले में पांच केंद्रों पर आज होगी नीट

इटावा। मेडिकल के छात्रों की इस बार नीट एग्जाम इटावा में ही कराई जा रही है। जिले के पांच सीबीएसई कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। रविवार को होने वाली परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से शाम 5:30 बजे तक होगा। नोडल अधिकारी डॉ. राममोहन ने बताया कि संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 504, सुदिति ग्लोबल एकेडमी, डॉमिनिक और [illegible] कॉलेज में 480 और केंद्रीय विद्यालय में 361 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं। (संवाद)

## नए एसडीओ ने संभाला कार्यभार

## तलाशी लेने पर प्राचार्य से नोकझोंक

### जनता कॉलेज में सख्ती के बीच हुई एलएलबी की परीक्षा

# जनता कॉलेज में 25 तक प्रवेश

## सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में देरी के चलते प्राचार्य ने बढ़ाई तारीख

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। सीबीएसई का 12वीं का परीक्षा न आने के कारण जनता कॉलेज बकेवर में स्नातक में प्रवेश की तारीख बढ़ा दी गई है। ये फैसला शनिवार को परीक्षा समिति और प्राध्यापकों के साथ बैठक कर प्राचार्य राजेश किशोर त्रिपाठी ने लिया।

प्राचार्य ने बताया कि सीबीएसई का रिजल्ट नहीं आया है। इस कारण कालेज में कृषि स्नातक में प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई कर दी गई है।

उसके बाद मेरिट जारी कर प्रवेश आरंभ किए जाएंगे। स्नातक स्तर पर साइंस में 18 जुलाई से पहले आओ पहले पाओ की स्थिति से प्रवेश दिए जाएंगे।

साइंस स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए 18 जुलाई से संबंधित मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश ले सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि एमएससी कृषि में मेरिट सूची 27 जुलाई को जारी की जाएगी। 29, 30 जुलाई को प्रवेश होंगे। पीजीडीसी में 18 जुलाई से सीधे प्रवेश दिए जाएंगे।



परीक्षा समिति की बैठक करते प्राचार्य डा राजेश किशोर त्रिपाठी। संवाद

## जिले में पांच केंद्रों पर आज होगी नीट

इटावा। मेडिकल के छात्रों की इस बार नीट एनईईटी इटावा में ही कराई जा रही है। जिले के पांच सीबीएसई कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। रविवार को होने वाली परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से शाम 5:30 बजे तक होगा। नोडल अधिकारी डॉ. राममोहन ने बताया कि संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 504, सुदिति ग्लोबल एकेडमी, डीपीएस और थियोसोफीकल कॉलेज में 432 और केंद्रीय विद्यालय में 361 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं। (संवाद)

# तलाशी लेने पर प्राचार्य से नोकझोंक

## जनता कॉलेज में सख्ती के बीच हुई एलएलबी की परीक्षा

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में सघन चेकिंग के बाद एलएलबी के परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। जूते उतारने को लेकर कई परीक्षार्थियों की प्राचार्य से नोकझोंक भी हो गई।

शनिवार को दो पालियों में लॉ की परीक्षा थी। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी,डॉ नलिनी शुक्ला, डॉ ऐके पांडेय, डॉ. एमपी यादव, डॉ. एमपी सिंह, डॉ आदित्य कुमार, डॉ धर्मेंद्र कुमार ने मुख्य गेट पर परीक्षार्थियों की चेकिंग की। (संवाद)



कॉलेज के गेट पर परीक्षार्थियों की तलाशी लेते शिक्षक। संवाद

## नए एसडीओ ने संभाला कार्यभार

सैफई। विद्युत वितरण खंड तृतीय में विद्युत सहायक अभियंता के रूप में अमित कुमार ने प्रभार संभाला है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने और विभाग के राजस्व संग्रहण को बढ़ाने की दिशा में कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया ओटीएस योजना में 57, 675 का लक्ष्य था। जिसमें 11, 214 उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना का लाभ 15 जुलाई तक उठाया है। इसमें 8.40 करोड़ विभाग को राजस्व प्राप्त हुआ। (संवाद)

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत



जनता कॉलेज में प्रवेश फार्म भरते छात्र और छात्राएं। संवाद

# जनता कॉलेज में बीएससी और बीकॉम में प्रवेश शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। बकेवर के जनता कालेज में बीएसए और बीकॉम में प्रवेश शुरू कर दिए गए हैं। कृषि संकाय में प्रवेश फार्म 25 जुलाई तक जमा किए जाएंगे।

यूपी ो

पहले जून के अंत तक 12वीं के सभी रिजल्ट आ जाते थे। जुलाई के प्रथम सप्ताह से ही प्रवेश आरंभ हो जाते थे। इस बार जुलाई माह के तीसरे सप्ताह में भी अभी प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई। इसके पीछे मुख्य कारण 12वीं का सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट नही निकलना है।

प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष की 360 सीटें हैं। सीटों के सापेक्ष लगभग उतने ही फार्म जमा हुए हैं। इस कारण में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। कृषि स्नातक में प्रवेश फार्म 25 जुलाई तक जमा किए जाएंगे। इसके बाद मेरिट जारी की जाएगी। कृषि में 120 सीटें हैं लेकिन फार्म 1500 से अधिक जमा हो चुके हैं। अभी फॉर्म जमा किए जा रहे हैं। फिजिक्स विभाग के प्रभारी डॉ प्रकाश दुबे ने बताया विज्ञान में सोमवार व मंगलवार को कई प्रवेश हुए हैं।

## कृषि संकाय में 150 सीटें, 1500 फार्म जमा हो चुके हैं

# बारिश होने से बुआई करने लगे किसान

बकेवर। शनिवार को हुई बारिश के बाद क्षेत्र में किसानों ने बाजरे की बुआई और धान की पौध की रोपाई शुरू कर दी है। उन्हें ये भी चिंता सता रही है कि अगर जल्द बारिश न हुई तो बीज और पौध बेकार हो जाएंगे।

जनता कॉलेज बकेवर के उद्यान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एके पांडेय ने कहाकि शनिवार को इतनी बारिश हो गई है, जिससे जुताई और बुआई शुरू की जा सकती है। हां जल्दी बारिश नहीं हुई तो समस्या आ सकती है। किसान सुबोध कुमार ने कहा कि इस बार बारिश न होने से धान की नर्सरी में ग्रोथ अच्छी नहीं हुई है। आशुतोष दुबे ने बताया कि निजी नलकूप से पौध डालकर अपनी 25 बीघा में धान की पौध लगा दी है। गर्मी के चलते हर दो दिन बाद सिंचाई करनी पड़ रही है। (संवाद)

# चैनल पर देंगे आंवला की बागवानी की जानकारी



डॉ. अशोक कुमार पांडेय। संवाद

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर के उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार पांडेय ने मंगलवार को डीडी किसान चैनल पर आंवला के बागों की देखभाल विषय पर किसानों को जानकारी के साथ सवालों के जवाब भी देंगे। हेलो किसान कृषि विस्तार में जन संचार समर्थित योजना कार्यक्रम में के लिए डीडी किसान चैनल पर मंगलवार को शाम 6 बजे से 7 बजे तक प्रसारित होगा। एक घंटे तक किसानों को आंवला के बागों की देखभाल कैसे की जाए, आंवला की पैदावार, किसान आंवला के बाग लगाकर कैसे अधिक से अधिक मुनाफा ले सकें के में जानकारी देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम में फोन के माध्यम से ऑनलाइन किसान भी जुड़े रहेंगे। (संवाद)

एवं विद्यार्थियों में सिंह, ऋषि कुमार और शिवम राजपूत को सम्मानित किया।
ल, तन्वी सक्सेना,

पहनकर साफ सफाई करें। (संवाद)

समस्या का समाधान होगा।

# एक साथ न लें आयरन और कैल्शियम की गोली

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित, एनीमिया के प्रति किया जागरूक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें 66 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।

डॉ. भीमराव आंबेडकर जिला अस्पताल की आहार विशेषज्ञ डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि किशोर व किशोरियों को स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। संतुलित आहार में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, खनिज तत्व, विटामिन, वसा युक्त भोज्य पदार्थों का सही समायोजन लेना जरूरी है। बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और जिला अस्पताल में निशुल्क आयरन, कैल्शियम, एल्बेंडाजोल की गोलियां निशुल्क दी जा रही हैं। आयरन और कैल्शियम की गोलियां साथ-साथ न लें। यदि आयरन की गोली रात में लें तो कैल्शियम की गोली सुबह लें।

महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक डॉ. मिथलेश सिंह ने कहा कि एनीमिया का अर्थ है, शरीर में खून की कमी होना। हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन एक ऐसा तत्व है जो शरीर में खून की मात्रा बताता है। पुरुषों में इसकी मात्रा 12 से 16 ग्राम प्रति लीटर और महिलाओं में 11 से 14 ग्राम प्रति लीटर के बीच होनी चाहिए। एनीमिया की पहचान हीमोग्लोबिन की जांच से की जाती है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. ज्योति भदौरिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनता कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक मौर्य ,डॉ. इंदु मिश्रा, डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. नवीन अवस्थी, डॉ. प्रकाश दुबे, डॉ प्रीति पांडे उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में बोलतीं डॉ. अर्चना सिंह। संवाद

# डॉ. मनोज को मिला गणेश शंकर विद्यार्थी स्वर्ण पुरस्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

## छत्रपति शाहू जी महाराज विवि ने किया सम्मानित

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव को गणेश शंकर विद्यार्थी स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार उन्हें छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की ओर से दिया गया है।



डॉ. मनोज यादव।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डा. सुधांशु त्रिवेदी, कुलपति प्रो. विनय पाठक ने उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डीन डॉ. एके पांडेय, डॉ. एमपी यादव, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. ललित गुप्ता ने उन्हें बधाई दी है।

### इसके लिए मिला सम्मान

डॉ. मनोज ने राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वच्छता जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, मिशन शक्ति तथा किसानों व ग्रामीणों तक विभिन्न योजनाओं को पहुंचाने में विशेष योगदान दिया है।

# 'प्लास्टिक के बर्तनों में खाना न खाएं'

## जनता कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर में पोषण जागरुकता माह कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी हुई। इसमें लोगों से प्लास्टिक व एल्युमीनियम के बर्तनों में खाना न खाने की अपील की गई।

वक्ताओं ने संतुलित आहार की जानकारी दी। मुख्य वक्ता जीवविज्ञान प्रभारी डॉ. ललित गुप्ता ने बताया कि विटामिन, जल व खनिज लवण को मिलाकर संतुलित आहार बनता है। प्रोटीन के लिए दाल, दूध, पनीर, मशरूम, मांस आदि मुख्य स्रोत हैं। प्रोटीन शरीर भार के अनुसार एक ग्राम प्रति एक किलोग्राम होना चाहिए। कठिन कार्य करने वालों के लिए डेढ़ ग्राम प्रति किलोग्राम है। फल और सब्जी का अधिक सेवन करना चाहिए।

डिब्बा बंद व पैकेट वाले खाद्य पदार्थों का सेवन कम करें। कार्यक्रम के अध्यक्ष व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने संतुलित आहार अपनाने पर विशेष बल दिया। कृषि संकाय के डीन डॉ. एके पांडेय ने कहा कि आठ से 10 गिलास पानी पीना चाहिए।

कार्यक्रम में डॉ. गोपीनाथ मौर्य और डॉ. मनोज कुमार यादव ने भी विचार रखे। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अतुलनीय काम करने वाले पांच स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें शिवम यादव, रजत दुबे, श्रेयश पाठक, अनूप कुमार व संदीप कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम में मृदा संरक्षण के विभागाध्यक्ष डॉ. पीके राजपूत, पशुपालन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आदित्य कुमार आदि मौजूद रहे।




शिवम यादव को प्रशास्तिपत्र देते मुख्य वक्ता व अन्य। संवाद


**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना संख्या- 127/2022

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न लिखित पूजा स्पेशल गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगाः

**गाड़ी सं. 09183/09184 मुम्बई सेन्ट्रल-बनारस-मुम्बई सेन्ट्रल (साप्ताहिक) विशेष गाड़ी**

संचालन के दिनः गाड़ी सं. 09183 मुम्बई सेन्ट्रल से 12 अक्टूबर 2022 से 30 नवम्बर 2022 तक प्रत्येक बुधवार को।गाड़ी सं. 09184 बनारस से 14 अक्टूबर 2022 से 02 दिसम्बर 2022 तक प्रत्येक शुक्रवार को।

# जनता कालेज में 28 अक्तूबर को लगेगा स्वास्थ्य शिविर

- बकेवर स्थित जनता कालेज में संस्थापक की जयंती पर लगेगा शिविर
- शुक्रवार सुबह नौ बजे से शुरू होगा, वरिष्ठ डाक्टर करेंगे जांच

बकेवर। संवाददाता। जनता कॉलेज बकेवर में कालेज के संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरूप मिश्र की जयंती पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 28 अक्टूबर को किया जा रहा है। शिविर शुक्रवार को सुबह 9 बजे से शुरु होगा।

जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य एवं पूर्व छात्र समिति के संरक्षक डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी व महामंत्री कुलदीप अवस्थी ने बताया कि छात्रों कालेज के संस्थापक सचिव आनन्द स्वरूप मिश्र की जयंती पर 28 अक्टूबर को कालेज में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है।

जिसमें मेदांता हॉस्पिटल के राष्ट्रीय स्तर के हृदय रोग, श्वास रोग, न्यूरोलॉजिस्ट, स्त्री रोग, दंत रोग, सर्जरी हड्डी रोग, नेत्र रोग, फिजीशियन आदि क्षेत्रों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

शिविर का शुभारम्भ आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति डॉ प्रभात कुमार सिंह करेंगे। राजेंद्र बाबू पांडेय अजित प्रताप अग्निहोत्री, डॉ दिव्य ज्योति मिश्र, पवन सक्सेना, सह सचिव डॉ धर्मेंद्र कुमार , डॉ इंदु बाला मिश्रा, उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार मिश्र मौजूद रहे।

# युवा सहज व सरलता से कराएं बुजुर्गों को तकनीकी ज्ञान

## अभिभावक और बुजुर्गों से तकनीकी ज्ञान को साझा करना

बढ़ता तकनीकी ज्ञान बदलते समय की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। आज के समय का प्रत्येक नागरिक चाहे वह युवा हो, महिला हो या बुजुर्ग हो, सभी के जीवन में इस नए तकनीकी ज्ञान ने गहराई से अपनी जड़ें जमा ली हैं। युवा वर्ग तो सीखने की उम्र होने के कारण बहुत तेजी के साथ इस को आत्मसात कर रहा है। लेकिन हमारे समाज के बुजुर्गों अर्थात पुरानी पीढ़ी को इसे जीवन का हिस्सा बनाने में कठिनाइयां आ रहीं हैं।

कंप्यूटर युग में हमारे बुजुर्ग बढ़ती हुई तकनीकी के साथ उपयोग में आने वाले उपकरंण का प्रयोग सहजता से नहीं कर पाते हैं, जिसके कारण वह अपने आपको इस आधुनिकता के युग में अकेला



पाते हैं। इस कालखंड में हमारी इस नई पीढ़ी का यह दायित्व व कर्तव्य बनता है कि हम अपने बड़े बुजुर्गों को इस आधुनिक युग के साथ चलना सिखाएं। सबसे पहले हमें उनके मन से यह डर निकलना होगा कि वह वस्तु उनके प्रयोग से बिगड़ने वाली नहीं है, इस डर के कारण वह काफी तकनीकी उपकरण का प्रयोग नहीं करते। हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह बनती है कि हम अपने बड़े बुजुर्गों को टेक्नोलाजी को निर्देशों के रूप में सीखने के लिए प्रेरित न करें वरन मित्रवत व्यवहार कर सहजता व सरलता से प्रस्तुत करें, और उनको प्रोब्लम साल्विंग मेथड्स से सिखाने का प्रयास करें। उनको बताएं जब भी तकनीकी समस्या में फंस जाए तो इंटरनेट का प्रयोग कर समस्या का समाधान करें। इसके लिए उन्हें इंटरनेट का प्रयोग करना भी हम लोगों को सिखाना आवश्यक है। ताकि समस्या का हल अपने आप निकाल सकें। वह और अच्छे से टेक्नोलाजी को जान पाएंगे और उसका प्रयोग कर पाएंगे।

सबसे बड़ी दिक्कत उनके सामने जो आती है वह है आए दिन होने वाले 'साइबर क्राइम' की खबरों को पढ़ना, जो उनके मन में एक डर की तरह बैठ जाता है कि वो इसके अगले शिकार न हो जाए। उनको एक बार में एक ही फंक्शन से अवगत कराने से उनके लिए सीखना आसान होगा। शुरुआत आप एप को डाउनलोड करने से करें फिर उसका प्रयोग करना सिखाए फिर उनको मैसेज करना सिखाए उसके बाद उनको इंटरनेट से अवगत कराया जाए तब सीखना आसान होगा।

तकनीकी ज्ञान से बुजुर्गों को अवगत कराना जरूरी है लेकिन साथ में अत्यधिक स्मार्टफोन का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है इसलिए अधिक समय तक बुजुर्ग भी इसका प्रयोग न करें केवल कार्य हेतु केंद्रित तकनीकी ज्ञान के लिए ही स्मार्टफोन का प्रयोग किया जाए।

प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी
प्रोफेसर, जनता कालेज बकेवर

## युवा पीढ़ी का कर्तव्य बड़े बुजुर्गों का यथा संभव करें सहयोग

आज के इस कंप्यूटर युग में हमारे बुजुर्गों को एक सबसे बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वह है बढ़ती हुई तकनीकी के साथ नये-नये तकनीकी उपकरणों का उपयोग करना। जिसके कारण वह इस तकनीकी काल में अपने आप को



अकेला महसूस करते हैं। इस तकनीकी युग में नई पीढ़ी का यह दायित्व व कर्तव्य बनता है कि वह अपने बड़े-बुजुर्गों को इस आधुनिक युग के साथ चलने में उनका हर सम्भव सहयोग करें। हम सभी का प्रथम दायित्व यह है कि हमें उनके मन से यह डर निकलना होगा कि तकनीकी युग की फलां वस्तु उनके प्रयोग से बिगड़ जायेगी, जिस डर के कारण वह तकनीकी उपकरण का प्रयोग नहीं करते। दूसरी जिम्मेदारी यह बनती है कि हम अपने बड़े बुजुर्गों को नई टेक्नोलाजी के बारे में उसी प्रकार सिखाएं जैसे एक मां-बाप एवं शिक्षक अबोध बच्चे को इस समाज में रहना, खाना-पीना, अच्छा-बुरे के बारे में सिखाते हैं। हम सभी जानते हैं कि उम्र के बढ़ने से हमारी याद रखने की क्षमता थोड़ी कमजोर होने लगती है, अत: हम निर्देशों के रूप में सीखने के लिए प्रेरित न करें वरन उन्हें प्रयोग करके मित्रवत व्यवहार कर सहजता व सरलता से सिखाने का प्रयास करें। तकनीकी के प्रत्येक चरण को धीरे-धीरे एक-एक कर उनको सिखाना होगा जिससे वह आसानी से सीख पाएंगे। हम आधुनिक पीढ़ी को अपने बड़े बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत करके आधुनिक उपकरणों के प्रयोग के बारे में बड़े ही धैर्य तथा शालीनता के साथ सिखाने का प्रयास करें। हमको यह ध्यान में रखना है की जब हमको समस्याएं आती थी तब हमारे बड़े बुजुर्गों ने हमेशा हमारे साथ रहकर समस्या का समाधान करना सिखाया है। युवा पीढ़ी को अपने मन से यह भ्रम दूर करना चाहिए की वह बुजुर्ग हैं वह नहीं सीख सकते।

प्रो. पद्मा त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, कर्म क्षेत्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## बुजुर्गों एवं अभिभावकों के लिए तकनीकी ज्ञान जरूरी

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही डिजिटल इंडिया की बात करते रहे हैं। समय तेजी से बदल रहा है। नई नई तकनीकें और नए नए गैजेट्स



आधुनिक बाजार में अपनी पहचान बना रहे हैं। यदि हम इन तकनीकों की और गैजेट्स की जानकारी अपने बुजुर्गों या अभिभावकों को नहीं देंगे तो हमारा भारत दो वर्गों में बंट जाएगा एक डिजिटल इंडिया और दूसरा नान डिजिटल इंडिया। डिजिटल जानकारी के अभाव में बुजुर्ग तेजी से विकसित होते भारत में बहुत पीछे छूट जाएंगे। ऐसे में उन्हें विभिन्न तकनीकों और गैजेट्स के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। कोरोना महामारी के दौरान लाकडाउन के समय डिजिटल माध्यम से ही रुपयों का लेनदेन और आनलाइन शापिंग इत्यादि को तीव्र बढ़ावा मिला उस समय यह तकनीक किसी वरदान से कम नहीं थी।

आनलाइन बैंकिंग सेवा का प्रयोग करके बुजुर्ग घर बैठे ही रुपयों का ट्रांसफर विभिन्न अकाउंट में कर सकते हैं। बुजुर्गों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का आनलाइन लाभ उठाने के संबंध में जानकारी देना आवश्यक है। वह घर पर बैठे ही आनलाइन डाक्टर की सलाह ले सकते हैं। आनलाइन दवाइयां मंगा सकते हैं और घर पर शरीर की जांच भी करा सकते हैं। आज घर बैठे ही बिना लंबी लाइनें लगाए बुजुर्ग मोबाइल फोन के द्वारा या कंप्यूटर के द्वारा मिनटों में बिजली के बिल, गैस के बिल आदि का चुटकियों में भुगतान कर सकते हैं। इन सबके अतिरिक्त ईमेल भेजना, अपना मोबाइल स्वयं रिचार्ज करना, मौसम की जानकारी लेना, जूम मीटिंग इत्यादि करना इन सभी का आधुनिक समय में महत्व बताने की कोई आवश्यकता नहीं। यह सभी तकनीकें, प्लेटफार्म और गैजेट्स आज अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए हैं।

डा. ललित गुप्ता, विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग, जनता कालेज बकेवर

# छात्र जीवन में पुस्तकालय की अहम भूमिका

संवादसूत्र, बकेवर : जनता कालेज के केंद्रीय पुस्तकालय में पाठकों के अध्ययन की आदतों के सुधार पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सुधीर कुमार ने बताया कि वह इसी कालेज के छात्र रहे हैं। उन्होंने 1981 में बीएससी पास यहीं से किया था। उन्होंने छात्र के जीवन में पुस्तकालय की भूमिका को अति आवश्यक बताया। कहा कि पुस्तकें ही हमारी सच्ची हितैषी हैं जो बिना बेंत मारे हमें बड़ा संदेश प्रदान करतीं हैं।

कालेज के प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने पुस्तकें और पाठक-छात्र दोनों के संबंधों को अति महत्वपूर्ण बताया। राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के बारे में कहा कि उपयोगकर्ताओं के उपयोगार्थ ही पुस्तकालय सप्ताह मनाया जाता है।

# पुस्तकें हमारी सच्ची हितैषी

## जनता कॉलेज में पुस्तकालय सप्ताह पर हुई गोष्ठी



जनता कॉलेज में गोष्ठी में मौजूद छात्र-छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता कॉलेज बकेवर में पुस्तकालय सप्ताह के तहत पुस्तकालय का महत्व विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें पाठकों और अध्ययन पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पुस्तकें हमारी सच्ची हितैषी हैं।

कॉलेज के केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुधीर कुमार ने बताया कि वह इसी कालेज के छात्र रहे हैं। उन्होंने 1981 में बीएससी यहीं से किया था। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमें बड़ा संदेश देती हैं।



सुधीर कुमार। संवाद

कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के बारे में बताया। डीन फैकल्टी वाणिज्य विभाग डॉ. योगेश शुक्ला, रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नवीन अवस्थी ने भी विचार व्यक्त किए।

पुस्तकालय सहायक स्वतंत्र कुमार, रविशंकर मिश्रा, शैलेंद्र वर्मा, सीता देवी व शैलेंद्र मूर्तिकार ने सहयोग किया। कार्यक्रम के संयोजक अरविंद चौधरी ने पुस्तकालय की प्रगति रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की। संचालन रसायन विज्ञान विभाग के प्रयोगशाला सहायक कुलदीप अवस्थी ने किया।

# महाविद्यालय में कबड्डी की प्रतियोगिता 24 व 25 नवंबर को आयोजित

बकेवर,लखना । जनता कॉलेज बकेवर में होने वाले वाली अंतर महाविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता के लिए सोमवार को कालेज प्रशासन के द्वारा मैदान को तैयार कराए कराया जा रहा है। प्रतियोगिता पिछले माह होनी थी।परन्तु बारिश के कारण टाल दिया गया था। जनता कॉलेज बकेवर में कानपुर विश्वविद्यालय के निर्देश पर कानपुर विश्विद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की अंतर महाविद्यालयी छात्र व छात्राओं की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसके लि[illegible] सोमवार को मैदान कबड्डी ट्रै[illegible] [illegible]ो तैयार कराया जा रहा है सोम[illegible] को कॉलेज की क्रीड़ा प्रभारी [illegible] ज्योति भदौरिया की देखरेख में प्राध्यापकों डॉ प्रकाश दुबे, डॉ योगेश शुक्ला, डॉ डीजे मिश्रा, अजित अग्निहोत्री, कुलदीप अवस्थी व कर्मचारियों की टीम के द्वारा मैदान में साफसफाई कराकर ट्रैक बनवाए जा रहा था। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया अंतर महाविद्यालय कबड्डी की छात्राओं छात्रों की प्रतियोगिता 24 व 25 नवंबर को आयोजित की जा रही है जिसमें कानपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय की छात्राओं व छात्रों की कबड्डी की टीम में आकर प्रतिभाग करेंगी। कॉलेज प्राचार्य ने बताया उक्त कबड्डी प्रतियोगिता पिछले अक्टूबर माह होनी थी परंतु कॉलेज परिसर में जलभराव होने के कारण उक्त प्रतियोगिताओं को पोस्टपोन करना पड़ा था। विश्वविद्यालय प्रशासन को भी इस संबंध में अवगत करा दिया गया था। 24 और 25 नवंबर को प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जा रही है जिसके लिए कॉलेज के मैदान को दुरुस्त करा कर कबड्डी ट्रैक बनवाया जा रहा है।

# स्वास्थ्य का ध्यान रखें छात्राएं

## जनता कॉलेज में किया गया जागरुकता गोष्ठी का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी




छात्राओं को जानकारी देतीं शिक्षिका अश्वनी यादव। संवाद

बकेवर। जनता कॉलेज के भौतिकी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को जागरुकता गोष्ठी हुई। इसमें छात्राओं से कहा गया कि स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बीमारियों से बचने के तरीके बताए।

मुख्य वक्ता फरीदाबाद से आए सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार प्रत्येक सात मिनट में एक महिला की मृत्यु यूट्रस कैंसर के कारण हो जाती है। 10 में से तीन महिलाओं की बच्चेदानी निकाली जाती है। आजकल महिलाओं को आंतरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं अधिक हो रही हैं। हमें इनके समाधान के बारे में सोचना चाहिए। फरीदाबाद से आईं मधु शर्मा ने बीमारियों से बचाव संबंधी सुझाव दिए। भरथना से आईं शिक्षिका अश्वनी यादव ने नैपकिन पैड की बारे में छात्राओं को बताया। डॉ. मनोज यादव, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. इंदु बाला मिश्रा, डॉ. ज्योति भदौरिया, मीनू त्रिपाठी, डॉ. शैली यादव, डॉ. इरम सलीम मौजूद रहीं।

# छात्राओं की कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

जसवंतनगर सुघर सिंह महाविद्यालय की हुई विजेता



बकेवर, लखना। जनता कॉलेज बकेवर में आयोजित छात्राओं की कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता जसवंतनगर सुघर सिंह महाविद्यालय की टीम विजेता बनी तिलक डिग्री कॉलेज औरैया की टीम उपविजेता बनी। बकेवर कालेज की टीम सेमीफाइनल में हारी। गुरुवार को जनता कालेज बकेवर में आयोजित अंतर महाविद्यालयी छात्राओं की कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय जसवंतनगर तथा तिलक महाविद्यालय औरैया के बीच हुआ। जिसमें चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय जसवंतनगर विजेता एवं तिलक महाविद्यालय औरैया उपविजेता रहा जिन्हें कार्यकारी प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला द्वारा क्रमश विजेता एवं उप विजेता की ट्राफी देकर सम्मानित किया। सेमी फाइनल में महिला महाविद्यालय कानपुर की टीम को हराकर चौधरी सुघर सिंह की टीम फाइनल में पहुँची। दूसरा सेमी फाइनल जनता कॉलेज बकेवर और तिलक महाविद्यालय औरैया के बीच हुआ जिसमें बकेवर को हराकर तिलक डिग्री कॉलेज औरैया की टीम ने फाइनल में जगह बनाई। उद्घाटन व लीग मैच में पीपीएन कॉलेज कानपुर को हराकर चौधरी सुघर सिंह कालेज सेमीफ़ाइनल में पहुंचा। जनता महाविद्यालय अजीतमल को हराकर तिलक महाविद्यालय औरैया सेमीफाइनल में पहुंचा। वहीं छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर को हराकर जनता कॉलेज ब्रकेवर ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले बार की उपविजेता महिला महाविद्यालय कानपुर की टीम को बाई मिली और वह सेमीफाइनल में पहुंची। कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में चंदगीराम स्टेडियम सैफई के कोच कमल कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनता कॉलेज बकेवर के प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कार्यकारी प्राचार्या डॉ नलिनी शुक्ला ने कार्यक्रम में जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। क्रीड़ा अधीक्षक डॉ ज्योति भदौरिया एवं सहायक क्रीडा अधीक्षक डॉ योगेश शुक्ला, गेम्स शिक्षिका मीनू त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण एवं स्पोर्ट्स कैप पहना कर किया प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के महाविद्यालयों की 7 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में डॉ एमपी सिंह डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ ललित गुप्ता, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ एम पी यादव, डॉ पीके राजपूत, डॉ नवीन अवस्थी, डॉ इंदुबाला मिश्रा, डॉ डी जे मिश्रा, डॉ सत्यार्थ मौर्य, डॉ वरह्मानंद शर्मा, शैली यादव, आदि उपस्थित रहे। जागृति चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालयजसवंतनगर की टीम की जागृति चौधरी बेस्ट रेडर तथा जनता कॉलेज बकेवर की अनन्या को बेस्ट कैचर घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी मिश्रा ने किया।

# चौधरी सुघर सिंह कॉलेज ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

## बकेवर के जनता कॉलेज में हुआ था आयोजन, दिखाई प्रतिभा

संवाद न्यूज एजेंसी

जसवंतनगर। चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय ने कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में तिलक महाविद्यालय औरैया को हरा दिया। कॉलेज लौटने पर टीम को प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया।

बकेवर के जनता डिग्री कॉलेज में हुई अंतर महाविद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता में सीएसजेएम विवि से जुड़े सभी महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। सेमीफाइनल में महिला महाविद्यालय कानपुर की टीम को हराकर चौधरी सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी की टीम फाइनल में पहुंची।



विजेता टीम के साथ एमडी अनुज मोंटी यादव। संवाद

तिलक महाविद्यालय और चौधरी सुघर सिंह की टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ।

इसमें चौधरी सुघर सिंह की टीम ने तिलक डिग्री कॉलेज को हरा दिया। विशिष्ट अतिथि जनता कॉलेज बकेवर के प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्रा ने विजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया।

चौधरी सुघर सिंह एजूकेशनल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज मोंटी यादव ने सभी खिलाड़ियों को मेडल दिए।

कॉलेज के निदेशक डॉ. संदीप पांडे और प्राचार्य डॉ. जितेंद्र यादव ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी। शशांक हनी यादव, नितिन आनंद और रंजीत मौजूद रहे।



विजेता टीम शील्ड के साथ, साथ में प्रबंध निदेशक अनुज यादव मोंटी • स्वयं

# चौ. सुघर सिंह कालेज ने खेल में भी लहराया परचम


इटावा : जनता कालेज बकेवर में छात्राओं की अंतरमहाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में चौ. सुघर सिंह महाविद्यालय जसवंतनगर की छात्राओं की टीम ने फाइनल मैच में तिलक महाविद्यालय औरैया को हराया। सेमीफाइनल में महिला महाविद्यालय कानपुर की टीम को हराकर चौ. सुघर सिंह महाविद्यालय की टीम फाइनल में पहुंची। जनता कालेज बकेवर के प्रबंधक अरविंद कुमार मिश्रा ने जीती हुई टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। डायरेक्टर अनुज मोंटी यादव ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया। (विवि.)

# स्वरोजगार के लिए भी करें प्रयास

## स्वरोजगार प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। स्वरोजगार प्रक्रिया के तहत जनता कॉलेज बकेवर के बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. आरके त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के बाद नौकरी ही नहीं बल्कि स्वरोजगार का भी प्रयास करना चाहिए।



जनता कॉलेज बकेवर में प्रशिक्षण लेते बीएससी कृषि के छात्र-छात्राएं। संवाद

बामशा एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक शशांक भारद्वाज ने कृषि संबंधी लघु उद्योग धंधे विकसित करने पर जोर दिया। कहा कि कृषि के विद्यार्थी कृषि संबंधी उद्योग जैसे वर्मी कंपोस्ट तैयार करना नाडेप कंपोस्ट तैयार करना हाइड्रोपोनिक्स से खेती करना, सेरीकल्चर एपीकल्चर मधुमक्खी पालन आदि स्वरोजगार विकसित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

उन्होंने बिना केंचुए के वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि बताई जिसमें कम लागत में वर्मी कंपोस्ट तैयार किया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एमपी सिंह ने विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार की तैयारी करने को कहा।

उन्होंने कृषि संबंधी आसानी से विकसित किए जाने वाले उद्योग की जानकारी दी। विद्यार्थियों को 21 दिन के स्वरोजगार प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी दी। सीड प्रोसेसिंग सीड प्रोडक्शन वर्मी कंपोस्ट व बायो प्रोडक्ट्स तैयार करने की विधि पर प्रकाश डाला।

की तलाश में दबिश दी जा रही है। बाद रवाना हुई।

# बीएससी कृषि के छात्रों को दिया स्वरोजगार का प्रशिक्षण

संवादसूत्र, बक्सर: जनता कालेज में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के निर्देशानुसार स्वरोजगार प्रक्रिया के तहत बीएससी कृषि अंतिम वर्ष रावे के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डा. आरके त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत मात्र सर्विस के लिए ही प्रयास नहीं करना है बल्कि उन्हें स्वरोजगार की ओर चलने के लिए भी प्रयास करना है। यही सरकार की मंशा है। कार्यक्रम में बामशा एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक शशांक भारद्वाज ने कृषि आधारित लघु उद्योग धंधे विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि कृषि के विद्यार्थी कृषि संबंधी उद्योग जैसे वर्मी कंपोस्ट तैयार करना, नाडेप कंपोस्ट तैयार करना, हाइड्रोपोनिक्स द्वारा खेती करना, सेरीकल्चर, एपीकल्चर, मधुमक्खी पालन आदि स्वरोजगार विकसित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने बिना केंचुए के वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि बताई जिसमें कम लागत में वर्मी कंपोस्ट तैयार किया जा सकता है।

संयोजक डा. एमपी सिंह ने रावे के विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार दोनों की तैयारी करने को कहा। उन्होंने कृषि संबंधी आसानी से विकसित किए जाने वाले उद्योग की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को 21 दिन के स्वरोजगार प्रशिक्षण के संबंध में बताया। सीड प्रोसेसिंग सीड प्रोडक्शन वर्मी कंपोस्ट व सभी बायो प्रोडक्ट्स तैयार करने की विधि पर प्रकाश डाला।



मे दबिश दे रही है। (संवाद)

# गीता मानव जीवन का आधार स्तंभ

## गीता जयंती महोत्सव पर जनता कॉलेज में हुई संगोष्ठी

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। कर्म योग का प्रतिनिधित्व करने वाला आदिग्रंथ श्रीमद्भागवत गीता मानव जीवन का आधार स्तंभ है। इसका स्मरण और वाचन मानवीय मूल्यों का आधार है। यह बात धर्म सेवा संघ श्री आचार्य कुंज बिहारी शुक्ल ने गुरुवार को जनता कॉलेज के सभागार में गीता जयंती महोत्सव पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि समृद्ध संस्कारों से ही मनुष्य और उसकी संतति का अस्तित्व संभव है। गीता लोक-जीवन में उत्कृष्टता के साथ



संगोष्ठी को संबोधित करते आचार्य कुंज बिहारी शुक्ला। संवाद

निर्वहन करना सिखाती है। गीता जीवनरूपी कुरुक्षेत्र में अर्जुन की तरह संदेह वाले प्रत्येक व्यक्ति का मार्गदर्शन करती है।

भारतवर्ष सदियों से प्रकृति और समाज के मध्य संतुलन के लिए नदियों वनस्पतियों और मातृभूमि का पूजक और आराधक रहा है। छात्र जीवन में पसंदीदा कौशल पर ईमानदारी से किया गया। कहा कि निरंतर लक्ष्य के लिए ध्यानकेंद्रण कर लक्ष्य तक पहुंचाता है। हमें गुरुजनों के लिए अर्जुन जैसा जिज्ञासु छात्र बनना चाहिए। तभी जीवन पथ के संघर्ष में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. इंदु बाला मिश्र;डॉ. मनोज यादव, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन अश्वनी कुमार मिश्र ने किया।

जागरण

# कालेज में एनएसएस ने चलाया स्वच्छता अभियान

संवादसूत्र, बकेवर: जनता कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. राजेश किशोर त्रिपाठी ने 'स्वच्छता ही सेवा है' का मूल मंत्र की दिशा में सभी स्वयं सेवकों को स्वच्छता से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी।

प्राचार्य ने बताया कि अनेक छात्र-छात्राएं शारीरिक गतिविधि नहीं करते हैं, जिसके कारण उनमें डिप्रेशन भी बढ़ रहा है। ऐसे छात्र-छात्राओं से स्वच्छता अभियान के तहत उनके बीच रहकर उनको समय-समय पर शारीरिक गतिविधि के प्रति प्रेरित किया जाता है।

कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज यादव के संयोजन में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में कालेज के औषधि पार्क, औद्योगिक रसायन पार्क, गेट नंबर एक तथा कालेज के अन्य परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर कालेज के एनसीसी के लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद शर्मा, मनोज दीक्षित, सुनील शुक्ला, एकता, सलोनी, सुभाष, शिवम, संदीप, अनूप आदि स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज यादव के संयोजन में सफाई की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने स्वच्छता ही सेवा है को मूल मंत्र बताया।

सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता से होने वाले फायदे बताए। प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता से स्वास्थ्य भी अच्छा होता है। छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के औषधि पार्क, औद्योगिक रसायन पार्क, गेट नंबर एक के पास सफाई की। एनसीसी के लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद शर्मा, मनोज दीक्षित, सुनील शुक्ला, सुभाष, शिवम, संदीप, अनूप आदि मौजूद रहे।



जनता डिग्री कॉलेज में सफाई करते छात्र-छात्राएं। संवाद

# 400 मीटर दौड़ में मनीष और असित प्रथम

## जनता कॉलेज में हुई ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, कबड्डी में मेजबान जीता

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** नेहरू युवा केंद्र महेवा के तत्वावधान में जनता कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 400 मीटर दौड़ में मनीष और असित प्रथम रहे।

मुख्य अतिथि सीओ भरथना विवेक जावला ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 400 मीटर दौड़ में नंदिनी द्वितीय, प्रिया तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अर्जुन ने दूसरा और संदीप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में शिवानी प्रथम, नंदिनी द्वितीय, मनीषा तृतीय रहीं। बालक वर्ग में असित प्रथम, विजय द्वितीय और मनीष तृतीय रहे।



खेलकूद प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं। संवाद

कबड्डी बालक वर्ग की प्रतियोगिता में पहला मैच जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर व जनता डिग्री कॉलेज बकेवर की टीम में हुआ।

इसमें बकेवर डिग्री कॉलेज की टीम विजयी हुई। दूसरा मैच लखना द्रोणाचार्य और बिहारी जी इंटर कॉलेज अहेरीपुर के बीच हुआ। इसमें बिहारीजी की टीम विजयी रही। ग्रेट क्लब ए और बिहारीजी बी के बीच मैच में ग्रेट ए विजयी रहा।

चौथा मैच ग्रेट क्लब बी और इंगुरी के बीच हुआ। इसमें इंगुरी विजयी रही। फाइनल मुकाबला में जनता कॉलेज बकेवर और अहेरीपुर के बीच हुआ। इसमें जनता कॉलेज बकेवर की टीम विजेता घोषित हुई।

कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला महेवा लोकमान्य रूरल इंटर कॉलेज और जनता डिग्री कॉलेज के बीच हुआ। इसमें लोकमान्य रूरल इंटर कॉलेज विजेता रहा। वॉलीबॉल बालक वर्ग में भवानी क्लब इंगुरी को रावण क्लब लखना ने हराया।

एसडीएम भरथना कुमार सत्यमजीत ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। निर्णायक और सहयोगी की भूमिका में गेम्स टीचर मीनू त्रिपाठी, शिक्षिका ज्योति कुमारी, पूर्व छात्र खिलाड़ी जाहिद सोनी, केशव शर्मा, ज्योतिप्रकाश शर्मा, कर्मचारी अनिल कुमार, पूर्व छात्र शीतू भारती मौजूद रहे।